RAF SECTOR
NEWS CLIP
15/10/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik jagran, Kurukshetra, (HR)

जानकारी जुटाने पहुंची रैपिड एक्शन फोर्स की टुकड़ी

टीम ने पुलिस के साथ मिलकर पिहोवा क्षेत्र में निकाला फ्लैग मार्च

मार्च निकालती रैपिड एक्शन फोर्स के जवान, साथ में पुलिकर्मी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

कुरुक्षेत्र। रैपिड एक्शन फोर्स की एक टुकड़ी असिस्टेंट कमांडेंट राजीव कुमार के नेतृत्व में धर्मनगरी के विभिन्न स्थानों की जानकारी जुटाने के लिए कुरुक्षेत्र पहुंचीं। राजीव कुमार के नेतृत्व में प्लाटून के सदस्यों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कर्ण गोयल से मुलाकात कर कुरुक्षेत्र की भौगोलिक स्थिति व जिले के महत्वपूर्ण संस्थानों के बारे में चर्चा की। इस दौरान जिले की कानून व सुरक्षा व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इससे पहले यह टीम बुधवार को लाडवा में हुई राहगीरी में भी शामिल हुई थी।

वीरवार को टीम ने पिहोवा का मुआयना किया और क्षेत्र का भ्रमण कर भौगोलिक व सामाजिक स्थिति की जानकारी ली। यहां टीम ने पुलिस उप-अधीक्षक गुरमेल सिंह से मुलाकात की। इसके बाद थाना शहर प्रभारी प्रदीप कुमार व थाना सदर प्रभारी बलबीर दत्त की पुलिस टीम के साथ शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। राजीव कुमार ने बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार की गाइडलाइन के निर्देशानुसार 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स की एक टीम कुरुक्षेत्र एरिया में पहुंची है। यहां पर एक सप्ताह तक टीम द्वारा अलग-अलग क्षेत्र में जाकर कुछ जानकारी जुटाई जाएगी। टीम क्षेत्र में पूर्व में हुई घटनाओं की कारणों सहित जानकारी एकत्रित करेगी ताकि भविष्य में किसी भी समस्या के आने पर समय रहते निवारण किया जा सके।

लोगों से भयमुक्त मतदान की अपील

फ्लैग मार्च निकालती पुलिस। संवाद

इस्माईलाबाद। पंचायत, ब्लाक समिति और जिला परिषद चुनावों को लेकर रैपिड एक्शन फोर्स और स्थानीय पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। साथ ही लोगों से भयमुक्त होकर चुनाव में मतदान की अपील की।

थाना प्रभारी जगदीश चंद्र ने कहा कि आने वाले चुनावों में सभी मतदाता भय मुक्त होकर बिना किसी दबाव के अपने मत का प्रयोग करें तथा चुनावों के दिन मतदान करने के लिए अवश्य जाएं। उन्होंने कहा कि मतदान करना प्रत्येक नागरिक का अधिकार और कर्तव्य है। इसे पूरी जिम्मेदारी से निभाएं। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान अगर कोई भी व्यक्ति मतदान के लिए दबाव बनाता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मौके पर कमांडेंट राकेश कुमार, सहायक कमांडेंट राजीव कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद

Dainik Bhaskar, Kurukshetra, (HR)

त्योहारी सीजन शुरू; परकोटे में पुलिस का फ्लैग मार्च, 3 दिन चलेगा

क्राइम रिपोर्टर | जयपुर

त्योहारी सीजन शुरू होने पर पुलिस ने सुरक्षा व कानून व्यवस्था पर काम शुरू कर दिया है। पुलिस ने शुक्रवार को परकोटे में रेपिड एक्शन फोर्स व पुलिस टीम ने पैदल गश्त कर फ्लैग मार्च निकाला। एडिशनल कमिश्नर कैलाश चंद विश्नोई ने बताया कि अगले तीन दिन तक शहर के प्रमुख बाजार व संवेदनशील एरिया में फ्लैग मार्च निकाला जाएगा। शुक्रवार को कर्बला चौराहा से शुरू होकर दशहरा कोठी, गंगापोल पुलिया, गंगापोल गेट, चार दरवाजा, जियाउद्दीन दरगाह, गांधी चौक, हीदा की मोरी होते हुए रामगंज तक फ्लैग मार्ग निकाला गया। दूसरी पारी में इंदिरा बाजार, खजाने वालों का रास्ता, चांदपोल बाजार, संजय सर्किल होते हुए शास्त्री नगर में झूलेलाल पार्क विक्रम सर्किल, पट्टियों की टाल, शिवाजी नगर होते हुए कांवटिया सर्किल तक फ्लैग मार्ग निकाला गया। फ्लैग मार्च में एडिशनल डीसीपी सुमन चौधरी, रेपिड एक्शन फोर्स के कमांडेंट प्रवीण कुमार व सहायक कमांडेंट श्रीराम शर्मा के नेतृत्व में जिले के सभी एसीपी व एसएचओ शामिल हुए थे।

- फ्लैग मार्च में रेपिड एक्शन फोर्स के 75 जवान और स्थानीय थानों के पुलिसकर्मी शामिल हो रहे हैं, जो परकोटे के अलावा चौमूं, झोटवाड़ा, एमडी रोड, हसनपुरा, मानसरोवर, खोह नागोरियान, ट्रांसपोर्ट नगर व सांगानेर सहित सभी संवेदनशील एरिया में निकाला जाएगा।
- इसके साथ त्योहारी सीजन के चलते कमिश्नरेट से यातायात पुलिस को 100 अतिरिक्त पुलिसकर्मी दिए हैं। जो भीड़भाड़ वाले बाजार व पर्यटन स्थल पर यातायात व्यवस्था में सहायता करेंगे।
- कमिश्नरेट के चारो जिलों को 100 से हथियारबंद पुलिसकर्मी दिए हैं। जो प्रमुख बाजारों में स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर पैदल गश्त करेंगे। इनके साथ घुड़सवार भी गश्त करेंगे।
- इस सप्ताह से दिन रोजाना के लिए दो घंटे की हथियारबंद ए-श्रेणी की नाकाबंदी शुरू कर दी गई है, जो संबंधित एसएचओ के नेतृत्व में होगी। ये नाकाबंदी रोजाना समय बदल-बदल कर करवाई जा रही है। इसमें प्वाइंट भी बदले जा रहे हैं।
- बदमाशों को चिह्नित कर उनके खिलाफ जिला स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए रोजाना सुबह पुलिस लाइन से सर्च अभियान के लिए पुलिस जाब्ता दिया जा रहा है।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।